कई एनआरआई यूपी में उद्योग लगाने के इच्छुक

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा एनआरआई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि कई एनआरआई यूपी में निवेश के इच्छुक हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ द्वारा लांच की गई वेबसाइट के एनआरआई को 507 कार्ड जारी किये जा चुके है। साथ ही वेबसाइट पर निवेश के संबंध में प्रवासी भारतीयों से प्रस्ताव भी प्राप्त हुए और उनकी आशंकाओं का समाधान भी सुनिश्चित किया गया है।

मंत्री ने बताया कि ओमान में एनआरआई शिशिर सिंह द्वारा फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के संबंध में इच्छा व्यक्त की गई है। साउथ अफ्रीका में एनआरआई आशीष शर्मा ने गोरखपुर में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का विश्वविद्यालय



सिद्धार्थनाथ सिंह, एनआरआई मंत्री

स्थापित करने की इच्छा प्रकट की और इस संबंध में जरूरी जानकारियां चाहीं। इनके अलावा कनाडा में एनआरआई प्रशांत पाठक ने अपने मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट रेगराटा को चीन से उत्तर प्रदेश में शिफ्ट करने का प्रस्ताव दिया। मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश प्रवासी भारतीय रत्न पुरस्कार के चयन की कार्यवाही तेजी से चल रही है। पुरस्कार के चयन के लिए 8 महानुभावों के प्रमाण-पत्र परीक्षण की प्रक्रिया के अधीन हैं।